संख्या:49/2020/1284जेएल/22-3-2020-100(19)/2019

प्रेषक,

सुरेश कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 *लखनऊ: दिनांक: 28 जुलाई, 2020*

विषय: जिला कारागार सुलतानपुर में निरूद्ध विचाराधीन बंदी जितेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र श्री सत्य नरायन सिंह को प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र कारागार में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिला मजिस्ट्रेट, सुलतानपुर के पत्र संख्या-814/बंदी स्था0/2020, दिनांक 17-06-2020 में किये गये अनुरोध एवं आपके पत्र संख्या-17177/सामा-1(8)/सुलतानपुर/2020, दिनांक 10-07-2020 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार जिला कारागार सुलतानपुर में निरूद्ध विचाराधीन बंदी जितेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र श्री सत्य नरायन सिंह को प्रशासनिक आधार पर जिला कारागार कासगंज में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्या शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

संख्या:49/2020/1284जेएल(1)/22-3-2020-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0, लखनऊ।
3. जिला मजिस्ट्रेट, सुलतानपुर को उनके पत्र संख्या-814/बंदी स्था0/2020, दिनांक 17-06-2020 के सन्दर्भ में।
4. जिला मजिस्ट्रेट, कासगंज।
5. पुलिस अधीक्षक, सुलतानपुर/कासगंज।
6. अधीक्षक, जिला कारागार सुलतानपुर/कासगंज।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

कृष्ण कुमार सिंह
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in